Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 346 ▫ रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणा

## मंडी शुल्क को सालभर के लिए किया शून्य

**रायपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में मंडी में लगने वाला शुल्क को शून्य करने की घोषणा की. राइस मिल एसोसिएशन की मांग पर अगले एक साल के लिए यह बड़ी राहत दी गई है.




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे संस्करण का आयोजन छत्तीसगढ़ में होना सौभाग्य का विषय है. धान की जितनी प्रजातियां छत्तीसगढ़ में हैं, उतनी कहीं और नहीं है. छत्तीसगढ़ में हजारों किस्म के चावल उपलब्ध हैं. उन्होंने कहा कि इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में अनेक स्टॉल लगे, अलग-अलग किस्म के चावल प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें दंतेवाड़ा का स्टॉल भी शामिल है. साथ ही ऑर्गेनिक सेक्टर में प्रगति देखने को मिली है. सीएम साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ का करीब 1 लाख मीट्रिक टन चावल 90 देशों में एक्सपोर्ट होता है. पिछली बार भी बड़ी मात्रा में धान खरीदी की गई थी. इस बार भी धान खरीदी जारी है. किसानों को सरकार का सहयोग मिल रहा है. धान के प्रोडक्शन में लगातार वृद्धि हो रही है. उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा देशों में धान एक्सपोर्ट करने की कोशिश है. यह समिट आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी.

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार हाईवा से टकराई युवक-युवती की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. सड़क हादसे में कार सवार युवक-युवती की मौत हो गई. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर चली गई, जिसके बाद हाइवा से जा भिड़ी. हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. बताया जा रहा है कि कार में चार दोस्त शराब पार्टी के बाद घूमने के लिए निकले हुए थे. घटना गुरुवार की दरमियानी रात की है. अब इससे जुड़ा हुआ लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. वहीं मृतकों की पहचान हो गई है।



जानकारी के मुताबिक, घटना सरकंडा थाना इलाके के नूतन चौक की है. जांजगीर के रहने वाले 4 दोस्त टाटा नेक्सॉन में सवार थे. बताया जा रहा है कि वह शराब पार्टी के बाद घूमने के लिए निकले थे. नूतन चौक के पास चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया. तेज रफ्तार में ब्रेक लगने पर कार का पिछला चक्का फिसल गया. कार मुड़कर सड़क की दूसरी ओर चली गई और मुरुम लोड हाइवा से टक्कर गई। हादसे में युवती समेत 2 लोगों की मौत हुई है. मृतकों की पहचान हिमांशु राठौर और अंशु चंद्रा के रूप में हुई है. वहीं आनंद चंद्रा और नीरज दुबे भी हादसे के वक्त कार में सवार थे, जिन्हें गंभीर चोटें आई है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवक की लाश

**अंबिकापुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। गांधीनगर इलाके में आज सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है. सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच जुट गई है.


जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान बबलू मंडल के रूप में हुई है, जो सुभाष नगर का निवासी बताया जा रहा है. लाश मिलने की खबर मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए. शव की हालत को देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. बता दें, घटनास्थल के आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों का फुटेज भी सामने आया है, जिसमें मृतक कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ आते हुए नजर आ रहा है. पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है.

### ठगों ने सराफा कारोबारी का वाट्सएप किया हैक, वकील को मैजेस भेजकर लगाया चूना

**रायपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। साइबर ठगों ने कारोबारी बनकर वकील के साथ 55 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया है. आरोपियों ने वाट्सएप पर झांसे में लेकर यूपीआई के माध्यम से ट्रांजेक्शन करवाया. वकील को रकम कुछ घंटों के बाद वापस करने की बात कही गई थी, लेकिन ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट भेजते मैसेज डिलीवर नहीं हुआ. जवेलर्स दुकान के वास्तविक फोन नंबर पर बात करने पर पता चला कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार से पैसों की मांग नहीं की गई है. तब वकील को ठगी का एहसास हुआ और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई. पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार शंकर नगर सेक्टर-02, दुर्गा मैदान के पास निवासी एवं पेशे से वकील विजय कुमार दास अपने परिवार के साथ रहते हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ जनवरी को शाम करीब 4.15 बजे उनके मोबाइल नंबर पर वाट्सएप के जरिए 55 हजार रुपये भेजने का संदेश आया. मैसेज भेजने वाले ने खुद को उनका परिचित नवकार ज्वेलर्स बताते हुए कहा कि उसका यूपीआई फिलहाल काम नहीं कर रहा है और वह दो घंटे के भीतर रकम वापस कर देगा.

### जनसंघ से जुड़े भाजपा नेता के फार्म हाउस पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। जनसंघ के एक मात्र मुस्लिम जिलाध्यक्ष रहे देवगांव - डहरगांव के अकबर पटेल के परिवार के वर्तमान में भाजपा मण्डल खेड़ी सांवलीगढ़ के पदाधिकारी के फार्म हाऊस पर भारत सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम अपने संग नागपुर से ही सीआरपीएफ को साथ लेकर पहुंची थी। बैतूल जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन कहीं जानकारी लीक न कर दे इसलिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने इस कार्रवाई की किसी को कानों कान खबर तक नहीं होने दी। पूरे सीआरपीएफ के जवानों के साय में छापामार कार्रवाई चलती रही।




चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप फिर कह रहे हैं कि नोबेल शांति पुरस्कार का असली हकदार मैं हूं।

चुहिया- हां जी, अमेरिका के बाजार में मिलता होगा तो खरीद लेना चाहिए..!

## स्काउट-गाइड अध्यक्ष विवाद : नाराज सांसद को मनाने की कोशिशें शुरू

**रायपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। स्काउट्स एंड गाइड्स अध्यक्ष पद से हटाने पर नाराज सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मनाने की कोशिशें शुरू हो गई है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शुक्रवार को बृजमोहन से मुलाकात की है और करीब आधे घंटे तक चर्चा की। इसके बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ दामाखेड़ा भी गए और वहां संत समागम के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक में शामिल हुए।



**बृजमोहन से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा, आधे घंटे तक की चर्चा**

दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भी मीडिया से चर्चा में कहा है कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल उनके बड़े भाई हैं, और उनसे मिलाकर नाराजगी दूर करेंगे। इससे पहले स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष, और पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल जैन ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ही स्काउट्स एंड गाइड्स के पदेन प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के दावे को खारिज किया था। डॉ. अनिल जैन ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि छत्तीसगढ़ में यह व्यवस्था है कि स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रदेश अध्यक्ष पद पर स्कूल शिक्षा मंत्री होते हैं। नियमों में यह व्यवस्था है। बृजमोहन अग्रवाल स्कूल शिक्षा मंत्री थे तो वो पदेन अध्यक्ष थे और अभी गजेन्द्र यादव पदेन अध्यक्ष हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी राज्यपाल और सीएम से भी चर्चा हुई है। जहां तक बृजमोहन अग्रवाल के निर्वाचन का सवाल है तो राष्ट्रीय इकाई ने चुनाव के लिए किसी को पर्यवेक्षक बनाकर नहीं भेजा था। ऐसे में यहां निर्वाचन की बात सही नहीं है। पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. जैन ने बृजमोहन अग्रवाल के हाईकोर्ट जाने के सवाल पर कहा था कि कोई भी कोर्ट जा सकता है। सबके पास कोर्ट जाने का विकल्प खुला है।

## प्रतिशोध लेने को तैयार...हिन्दुओं पर हमलों के बीच अजित डोभाल का खुला ऐलान

**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत की स्वतंत्रता की भारी कीमत चुकानी पड़ी है, जिसमें पीढ़ियों से भारतीयों को अपमान, विनाश और हानि सहनी पड़ी है। उन्होंने युवाओं से इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने और अपने मूल्यों, अधिकारों और विश्वासों पर आधारित एक मजबूत और महान भारत के निर्माण की दिशा में काम करने का आग्रह किया। विकसित भारत युवा नेता संवाद के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए डोभाल ने कहा कि यह स्वतंत्र भारत हमेशा इतना स्वतंत्र नहीं था जितना अब दिखता है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए महान बलिदान दिए। उन्होंने घोर अपमान सहा और घोर असहायता के दौर का सामना किया।




**हिला बांग्लादेश!**

कई लोगों को फांसी दी गई... हमारे गांवों को जला दिया गया। हमारी सभ्यता नष्ट हो गई। हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम मूक दर्शक बनकर असहाय रूप से देखते रहे। यह इतिहास हमें एक चुनौती देता है कि आज भारत के प्रत्येक युवा के भीतर स्वतंत्रता की लौ होनी चाहिए। %प्रतिशोध% शब्द आदर्श नहीं है, लेकिन प्रतिशोध अपने आप में एक शक्तिशाली शक्ति है। हमें अपने इतिहास का बदला लेना होगा। हमें इस देश को उस मुकाम पर वापस लाना होगा जहाँ हम अपने अधिकारों, अपने विचारों और अपनी मान्यताओं पर आधारित एक महान भारत का निर्माण कर सकें।

### मंदिर का सारा सामान झोले में डाली, फिर भगवान को प्रणाम कर रफू चक्कर हो गई महिला



**दुर्ग,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चोरी का अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने मंदिर का सारा सामान झोले में भरा, फिर भगवान को प्रणाम कर फरार हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पूरा मामला भिलाई के मछली मार्केट के पास स्थित गणेश मंदिर का है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, मंदिर के दरवाजे खुले हैं। इस बीच एक पुरूष मंदिर के बाहर खड़े हैं और एक महिला मंदिर के अंदर आती है। चह पहले भगवान के दर्शन किए उसके बाद भगवान के सामने और मंदिर में रखे बर्तन और अन्य सामान एक-एक कर अपने झोले में डाल ली। महिला ने भगवान के पास से सारे सामान अपने झोले में डालने के बाद भगवान के सामने माथा टेककर प्रणाम किया और फिर वहां से रफू चक्कर हो गई।

## ओडिशा के राउरकेला में विमान हादसा पायलट समेत 9 लोग थे सवार



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। ओडिशा के राउरकेला हवाई पट्टी से लगभग नौ किलोमीटर दूर एक छोटे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद लैंडिंग कराई गई है. विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन पायलट को गंभीर चोटें आई हैं. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं.

### पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन बने मुख्य सूचना आयुक्त दो सूचना आयुक्त भी नियुक्त

**रायपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य सूचना आयोग में अहम नियुक्तियां की हैं। पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन को मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्त किया है।



इसी क्रम में सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के पद पर दो अहम नियुक्ति की गई है।इनमें सेवानिवृत्त आईएएस उमेश कुमार अग्रवाल तथा वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शिरीष चंद्र मिश्रा शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन सभी नियुक्तियों की सेवा शर्तें, वेतन एवं अन्य भत्ते भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 24 अक्टूबर 2019 के तहत सूचना का अधिकार (केंद्रीय सूचना आयोग एवं राज्य सूचना आयोगों में पदावधि, वेतन, भत्ते एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2019 के अंतर्गत निर्धारित होंगे। उक्त आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा उनके आदेशानुसार जारी किया गया है।

## पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए घोषित वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत की वृद्धि पूरी तरह से लागू

**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए घोषित वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत की वृद्धि पूरी तरह से लागू कर दी गई है। बढ़ी हुई सहायता पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से कार्यान्वित योजनाओं के तहत प्रदान की जा रही है। रक्षा मंत्रालय ने आगे कहा कि यह निर्णय पूर्व सैनिकों की सेवा और बलिदान का सम्मान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। रक्षा मंत्रालय ने ङ्क पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से कार्यान्वित योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों (ईएसएम) और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत की वृद्धि, पूर्व सैनिकों की सेवा और बलिदान का सम्मान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।



इससे पहले अक्टूबर 2025 में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए वित्तीय सहायता में 100प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी थी। मंत्रालय के अनुसार, गरीबी अनुदान को प्रति लाभार्थी प्रति माह 4,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये कर दिया गया है, जिससे 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है, आजीवन निरंतर सहायता प्रदान की जा सकेगी। शिक्षा अनुदान को प्रति व्यक्ति 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जो अधिकतम दो आश्रित बच्चों (कक्षा ढ्ढ से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए लागू है। विवाह अनुदान को प्रति लाभार्थी 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दिया गया है। यह अनुदान पूर्व सैनिक (पूर्व सैनिक) की अधिकतम दो बेटियों और विधवा पुनर्विवाह के लिए लागू है,

और इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुए विवाहों के लिए मान्य है। इन योजनाओं का वित्तपोषण रक्षा मंत्री पूर्व सैनिक कल्याण कोष के माध्यम से किया जाता है, जो सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कोष का एक उपसमूह है।

## ट्रंप ने ओबामा को मिले नोबेल पर उठाए सवाल, बोले- इसका सबसे बड़ा हकदार मैं

**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को मिले नोबेल पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतिहास में उनसे ज्यादा हकदार कोई नहीं है। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बड़ा संघर्ष रुकवाया, जबकि भारत ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। तेल और गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि पिछले साल मई में भारत-पाक तनाव के दौरान स्थिति बेहद गंभीर थी और आठ विमान आसमान में मार गिराए गए थे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ये विमान किस देश के थे।



**भारत ने लगा दी क्लास**

ट्रंप ने कहा, लोग मुझे पसंद करें या न करें, लेकिन मैंने आठ बड़ी जंगें रुकवाई हैं। कुछ दशकों से चल रही थीं और कुछ शुरू होने वाली थीं, जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान उन्हें संघर्ष रुकवाने का श्रेय दिया और कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बची। हालांकि, भारत ने एक बार फिर ट्रंप के दावों की 'क्लास' लगा दी। भारत का स्पष्ट रुख है कि भारत-पाक संघर्ष विराम पूरी तरह द्विपक्षीय बातचीत का नतीजा था और इसमें किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं रही।